बच्चों के साथ मनाई दिवाली

संवाददाता

पुणे. कर्वे नगर के सहजानंद सोसायटी के पास की बस्तियों के वंचित बच्चों के साथ हिंदू महिला सभा की सदस्यों ने दिवाली मनाई. आस फाऊंडेशन की अनघा ठोंबरे की अगुवाई में यह कार्यक्रम हुआ. इस समय सभी बच्चों को दिवाली का फराल के साथ जीवनावश्यक वस्तु व उपहार भेंट किए गए. इस समय हिंदू महिला सभा की सुप्रिया दामले, स्मिता नातू, मृणाल गोडबोले, नीला मोघे, प्राची सप्रे व सुधा लेले सहभागी हुए. इसके अलावा इस संस्था की ओर से विविध संस्थाओं में सामाजिक दिवाली मनाई जाती है. नवरात्रि में वंचित बच्चियों के लिए चलाई जानेवाली 'घरट' निवासी प्रकल्प की बच्चियों का कुमारिका पूजन कर उनकी मदद की गई.